दिनांक 09.11.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

वार्ड 32 व 33 में बस स्टाॅप का हुआ लोकापर्ण , राहगीरों एवं मुसाफिरों को मिलेगी सहुलियत

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 32 एवं वार्ड 33 में मुसाफिरों एवं राहगीरों के सहुलियत के लिए बस स्टाॅप निमार्ण किया गया है जिसका आज लोकापर्ण हुआ। जनप्रतिनिधि एवं वार्ड के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आज सुबह महापौर एवं विधायक भिलाईनगर श्री देवेन्द्र यादव ने लोकापर्ण कर बस स्टाॅप को जनता के लिए समर्पित किया। महापौर के न्यू खुर्सीपार क्षेत्र में दौरा कार्यक्रम के दौरान लोगों ने बस स्टाॅप की मांग किए थे! खुर्सीपार क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर बस स्टाॅप का लोकापर्ण होने से वार्ड क्षेत्र के नागरिकों ने खुशी जाहिर करते हुए महापौर व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। महापौर श्री यादव ने कहा कि बस स्टाॅप बनने से अब स्कूल आने जाने वाले बच्चों को, राहगीरों को, मुसाफिरों को बस के इंतजार में धूप एवं बारिश से बचने छांव मिलेगी। खुर्सीपार क्षेत्र में निगम द्वारा लगातार विकास कार्य किए जा रहे और क्षेत्र की जनता के लिए और भी विभिन्न कार्यो का सौगात शीघ्र ही जनता को दिया जाएगा! भिलाई निगम के जोन04 शिवाजीनगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड 32 और वार्ड 33 में 6 - 6 लाख की लागत से निगम द्वारा बस स्टाॅप बनाया गया है, जिसका आज महापौर श्री यादव ने विधिवत लोकापर्ण कर जनता को समर्पित किए। खुर्सीपार क्षेत्र में नेशनल हाइवे से लगे हुए दो अलग अलग स्थानों पर नया बस स्टाॅप निर्माण होने से क्षेत्र के नागरिकों को बस एवं वाहनों के इंतजार में खड़े रहने के लिए अब तकलीफ का सामना नहीं करना पड़ेगा , नये बने हुए बस स्टाॅप से धूप एवं बारिश से बचने शेड तथा बैठने के लिए कुर्सियां लगाई गई है , जहां अब सफर करने वाले यात्री सुकून से बस का इंतजार कर सकेंगे। नेशनल हाईवे से लगे हुए हमेशा वाहनों के आवागमन वाले क्षेत्र में बस स्टाॅप बनने से आवागमन करने वालों को रूकने लिए छांव मिल पाएगी। इसी कार्यक्रम के दौरान महापौर ने बीपीएल राशन कार्ड का वितरण हितग्राहियों को किया , 3 हितग्राही सीमा ओरी, बूंदा मंगराज एवं नसीमा खातून ने योजना के तहत राशन कार्ड प्राप्त किया! लोकापर्ण कार्यक्रम में तुलसी साहू, एल्डरमेन नरसिंह नाथ , सुनील गोयल, बबीता भैसारे, इसके अलावा डी. नागमणि , अयूब खान, श्री भैया, अमनदीप, किशोर, विकास केसरवानी, भूपेंद्र यादव, विश्वजीत राय, हरिश्चंद्र, नंदकिशोर कौशिक, कुमार नायर, अमनदीप कौर, हरिराम यादव, कुंदन सिंह, रामावतार, नंदकिशोर, विश्वजीत, सौरव शर्मा, इंद्रजीत सैनी, विकी गिल, रजत शर्मा, प्रिंस, रामेश्वर शर्मा! निगम के जोन04 के आयुक्त अमिताभ शर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर, उप अभियंता रीमा हुमने एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी